an>

Title: Need to give arrears to sugarcane growers.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र के बगहा मंडल में तिरुपति शुगर मिल स्थित है, जिसने किसानों का पूर्व से लगभग सात करोड़ रुपये का गन्ने का पेमेन्ट बकाया रोक रखा है। उसके बाद दोबारा सत्र में जो गन्ने की पेराई हुई है, अभी तक उसका पेमेन्ट भी अच्छे ढंग से नहीं हो पा रहा है।

इसके साथ ही मैं यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र वाल्मीकि नगर, चंपारण, बिहार में पांच चीनी मिलें नरकटियागंज, हरीनगर, लौरिया, बगहा और मझौलिया हैं। इन पांचों चीनी मिलों के द्वारा किसानों का पेमेन्ट उचित समय से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। जिनके घर में लड़की की शादी है, किसी प्रकार का फंक्शन है या बच्चे की पढ़ाई है, वह सब बाधित हो रहा है। पेराई सत्र दो महीने पहले बंद हो गया, लेकिन अभी तक पेमेन्ट नहीं मिल पा रहा है।

मैं आपसे आग्रह करता हूं कि खासकर के एचपीसीएल का लौरिया चीनी मिल और बगहा चीनी मिल इन दोनों पर सख्ती करके किसानों का पेमेन्ट कराया जाए। मैं सदन से आग्रह करता हूं कि किसानों के हित में पेमेन्ट कराना बहुत जरूरी है।